राजस्थान सरकार

निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, राज. जयपुर

(जी–3, राजमहल रेजीडेन्शिल ऐरिया, सिविल लाइन फाटक, 22 गोदाम, जयपुर)

क्रमांकः एफ. पीए/सीएओ/डीएलबी/पीडी भुगतान/2017/ 175 **दिनांक** 28.12.17

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी
नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका,
समस्त राजस्थान।

विषयः– pripaymanager. raj.nic.in पोर्टल से निकायो में कार्यरत कार्मिकों के वेतन भत्तों के भुगतान हेतु पदों को पीडी खाते से मैप करने के संबंध में।

सन्दर्भः–वित्त विभाग का परिपत्र क्रमांक एफ.5(थ–75)डीटीए/आईएफएमएस/पीडी इलेक्ट्रोनिक्स/14633–15132 दिनांक 11.10.2017

वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र के अनुसार समस्त निकायों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन भत्तों का भुगतान pripaymanager. raj.nic.in पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना है। इस सम्बन्ध में अधिकांश पदों को सर्विस हैड से मैप करवा दिया गया है। जो पद मैप होने से रह गये हैं, उनको सम्बन्धित निकाय के पी0डी0 खाते से मैप करवाया जाना है। इस सम्बन्ध में निकायों से सूचनाएं मांगी गई थी। संकलित सूचना IFMS वित्त को भेजी गई थी। पदों को मैप करवाये जाने में लगने वाले समय को देखते हुए निकाय स्तर पर ही पदों को मैप करने हेतु निम्नलिखित प्रकिया अपनाएें :–

1. वेबसाईट पर ifms.raj.nic.in पर जावें। इस वेबसाईट को खोलने पर कई आईकन स्कीन पर नजर आयेगें। जिनमें से बजट आईकन पर क्लिक करें।
2. बजट आईकन पर क्लिक कर निम्न सूचनाये भरेः–
   User Name- adlsg
   Password- Ad@2017
   Security Code- साईट पर दिये गये कोड को अंकित करें।
3. इस प्रकार ifms के बजट मॉडयूल में पहुंच जायेगे।
4. इस मॉडयूज के Ways & Means का चयन करें। नीचे ड्रॉपडाउन पर PD Account का चयन करें। दायी तरफ Master Data का चयन करें। उसके दायीं तरफ Creation of PD account & Designation का चयन करें।
5. पीडी खाता सूची से अपनी निकाय के पीडी खाते का चयन करें। नीचे अंकित Designation का चयन करें।
6. Create Designation का चयन करें।
7. Designation List से मैप करवाये जाने वाले पद का चयन करें एवं Save करें। इस प्रकार सूची से पदों को आपके पीडी खाते से जोडा जा सकता है।
8. यदि कोई पद सूची में अंकित नही है तो उस पद का नाम Mangal Font में हिन्दी में टाईप करें एवं Times new Roman Font में अंग्रेजी में टाईप करें एवं Save करें।
9. उपरोक्तानुसार समस्त पदों को चयन करने के बाद Designation Map एवं अपनी निकाय के पीडी खाते का चयन करें।
10. साईट पर उपलब्ध पदों की सूची का चयन कर पदों को मैप करने की कार्यवाही पूर्ण करें।
   उक्त कार्यवाही पूर्ण करने के अगले दिन pripaymanager.raj.nic.in पर जाकर Add Designation का चयन करें तत्पश्चात् अपने PD Account का चयन करें एवं पीडी खाता संख्या लिखें। दायी तरफ पदों की सूची उपलब्ध हो जावेगी। चयन कर Submit कर देवें। इस प्रकार पद वेतन बनाने हेतु आपको उपलब्ध हो जावेगें। सभी निकायों से अनुरोध है कि पदों को मैप करने की कार्यवाही दिनांक 15.01.2018 तक पूर्ण कर लेवें। इसके बाद पदों को मैप करने की कार्यवाही आपके स्तर से संभव नही होगी।

(हुलास राय पवार)
मुख्य लेखाधिकारी